

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद



वर्ष : 27 | अंक : 99 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 31 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


### चैत्र नवरात्र



**द्वितीय ब्रह्मचारिणी**

आज मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना हो रही है। इनका उद्भव ब्रह्मा जी के कमंडल से माना जाता है। ब्रह्मा जी सृष्टि के सर्जक हैं। ब्रह्मचारिणी उनकी शक्ति। जब मानसपुत्रों से सृष्टि का विस्तार नहीं हो सका, तो ब्रह्मा जी की इसी शक्ति ने सृष्टि का विस्तार किया। इसी कारण स्त्री को सृष्टि का कारक माना गया। ब्रह्मचारिणी देवी ज्ञान, वैराग्य और ध्यान की अधिष्ठात्री हैं। इनके एक हाथ में कमंडल और दूसरे में रुद्राक्ष की माला है।

**उपासना मंत्र**

**या देवी सर्वभूतेषु सृष्टि रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।**

# केंद्रीकरण, व्यवसायीकरण और सांप्रदायिकरण है केन्द्र का एजेंडा

## सोनिया गांधी ने शिक्षा नीति पर सरकार को घेरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने देश की शिक्षा नीति में बदलाव को लेकर केन्द्र की मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। सोनिया गांधी ने कहा है कि केंद्र सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अपने सिर्फ तीन कोर एजेंडे को लागू करने पर जुटी है। ये एजेंडे हैं है केंद्रीकरण, व्यावसायीकरण और सांप्रदायिकरण सोनिया गांधी ने कहा है कि हाई-प्रोफाइल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की शुरूआत ने सरकार के वास्तविक मंशे को छिपा दिया है। सरकार भारत के बच्चों और युवाओं की शिक्षा के प्रति बेहद उदासीन है। सोनिया गांधी के इस बयान के बाद शिक्षा नीति को लेकर नई बहस शुरू हो गयी है। मुंबई के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीश ने कहा है कि अंग्रेजों की बनाई शिक्षा नीति को बदलकर उसका भारतीयकरण किया जाना चाहिए।

देश के प्रमुख अखबार में लिखे एक लेख में सोनिया गांधी ने लिखा है कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड ने स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया है कि शिक्षा में वह केवल तीन मुख्य एजेंडा मदों के सफल कार्यान्वयन को लेकर चिंतित है। 1- केंद्र सरकार के पास सत्ता का केंद्रीकरण 2- शिक्षा में निवेश का व्यावसायीकरण और निजी क्षेत्र को आउटसोर्सिंग, 3- और पाठ्यपुस्तकों, पाठ्यक्रम और संस्थानों का सांप्रदायिकरण।

कांग्रेस नेता ने कहा है पिछले 11 वर्षों में इस सरकार की कार्यप्रणाली की पहचान सत्ता को मुट्ठी में लेना रहा है. लेकिन इसके सबसे ज्यादा नुकसानदायक परिणाम शिक्षा के क्षेत्र में देखने को मिले हैं। केंद्र और राज्य सरकारों के शिक्षा मंत्रियों से मिलकर बना केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की मीटिंग सितंबर 2019 से नहीं हुई है।

सोनिया ने कहा है कि एनईपी 2020 के माध्यम से शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन को अपनाने और लागू करने के दौरान भी केंद्र सरकार ने इन नीतियों के कार्यान्वयन पर एक बार भी राज्य सरकारों से परामर्श करना उचित नहीं समझा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# ईद-उल-फितर पर दुआ के लिए उठे लाखों हाथ

## शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई ईद की नमाज, गले लगाकर दी मुबारकबाद



**नोएडा/लखनऊ (एजेंसी)।** भारत में रविवार को अर्धचन्द्र दिखाई देने के बाद देशभर में मुस्लिम समुदाय आज ईद मना रहा है। सऊदी अरब में ईद का जश्न रविवार को शुरू हो गया था। इस बार रमजान महीने की शुरुआत 2 मार्च को शुरू हुई थी। इस पूरे महीने मुसलमान रोजा रखते हैं। ईद-उल-फितर, या (ईद-अल-फितर) मुसलमानों के लिए सबसे पवित्र त्योहार होता है। ईद पर आज पूरे उत्तर प्रदेश में बड़ी सुरक्षा रही। जनपद गौतमबुद्धनगर में हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई गई। नोएडा की सेक्टर-8 तथा जामा मस्जिद के अलावा दादरी, ग्रेटर नोएडा, जेवर, दनकौर, कासना में भी जामा मस्जिद पर ईद-उल-फितर की जमाज अता की गई।

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद में ईद की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हो गई जिस पर जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है। गाजियाबाद में सभी मस्जिदों और गांव में स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ी गई और अमन शांति की दुआ की गई। वहीं जिला प्रशासन ने नमाज संपन्न होने के बाद राहत की सांस ली है कहीं किसी तरह से कोई भी अप्रिय घटना नहीं है। ट्रांस हिन्डन, पसोंडा, शहीदनगर, फरुखनगर, राजीव कॉलोनी, पप्पू कॉलोनी, कैला भट्टा, अर्थला और खोड़ा कॉलोनी व महाराजपुर में शांतिपूर्ण नमाज अदा की गई।

### भाईचारे की भावना का पर्व : राष्ट्रपति



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद के मौके पर अपने शुभकामना संदेश में कहा, 'ईद-उल-फित्र के मुबारक मौके पर सभी देशवासियों, विशेष रूप से मुस्लिम भाईयों और बहनों को बधाई। यह त्योहार भाईचारे की भावना को मजबूत बनाता है तथा करुणा-भाव और दान की प्रवृत्ति को अपनाने का संदेश देता है। मैं कामना करती हूं कि यह पर्व सभी के जीवन में शांति, समृद्धि और खुशियां लेकर आए तथा सबके दिलों में नेकी के रास्ते पर आगे बढ़ने के जज्बे को मजबूत बनाए।'

### ईद मुबारक : प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को ईद की बधाई दी है। पीएम मोदी ने ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद-उल-फितर की बधाई। यह त्योहार हमारे समाज में उम्मीद, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए. आपकों अपने सभी प्रयासों मे खुशी और सफलता मिले, ईद मुबारक!

### ईद की मुख्यमंत्री ने दी बधाई



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद के मौके पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, 'ईद-उल-फित्र का त्योहार खुशी और मेल-मिलाप का संदेश लेकर आता है. खुशियों का यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही, आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है। इस पर्व पर सभी को सद्भाव तथा सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए।'

## आज प्राधिकरण को मिलेगा बेस्ट एसटीपी व बेस्ट इंटीग्रेटेड वाटर मैनेजमेंट अवार्ड

### तीसरी बार नोएडा प्राधिकरण को मिल रहा है यह अवार्ड

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण को तीसरी बार बेस्ट एसटीपी तथा बेस्ट इंटीग्रेटेड वाटर मैनेजमेंट की कैटेगरी के लिए चयनित किया गया है आज शाम को नई दिल्ली के आईटीसी मौर्य होटल में एक समारोह के दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री नोएडा प्राधिकरण को यह अवार्ड प्रदान करेंगे।

आज शाम को होने वाले इस सम्मान समारोह में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम तथा जल एवं सीवर विभाग के महाप्रबंधक आरपी सिंह को यह अवार्ड प्रदान किया जाएगा।

मालूम हो कि यूनेस्को के सहयोग से द वाटर डाइजेस्ट द्वारा हर वर्ष वर्ल्ड

नौएडा एक उत्कृष्ट क्षेत्र

वाटर अवार्ड प्रदान किया जाता है। इस वर्ष भी वर्ष-2024 -2025 के लिए नोएडा प्राधिकरण को तीसरी बार यह अवार्ड प्रदान किया जाएगा। इसके पूर्व भी दो बार नोएडा प्राधिकरण को इस अवार्ड से नवाजा जा चुका है। शहर वासियों ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम तथा जल एवं सीवर विभाग के महाप्रबंधक आरपी सिंह व उनकी टीम को इसके लिए बधाई दी है।

## यूट्यूबर मृदुल की निकली मजदूरों को कुचलने वाली लैंबोर्गिनी

### पुलिस ने जब्त की कार, मृदुल से हो सकती है पूछताछ





**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-94 में तेज रफ्तार लैंबोर्गिनी से दो मजदूरों को कुचलने का मामला तूल पकड़ रहा है. इस हादसे में शामिल कार मशहूर यूट्यूबर मृदुल तिवारी की बताई जा रही है, जिनसे पुलिस पूछताछ की तैयारी कर रही है। थाना सेक्टर 126 पुलिस मृदुल को थाने बुलाकर यह जानने की कोशिश करेगी कि हादसे के समय गाड़ी किसकी अनुमति से चलाई जा रही थी और इसके पीछे की सच्चाई क्या है। नोएडा पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और कार चला रहे दीपक को गिरफ्तार कर लिया है।

मशहूर यू-ट्यूबर मृदुल नोएडा के सुपरनोवा अपार्टमेंट में अपने परिवार के साथ रहते हैं और अपने कॉमेडी वीडियो के लिए जाने जाते हैं। उनके यूट्यूब चैनल 'द मृदुल' पर करीब 19 मिलियन सब्सक्राइबर हैं, जबकि इंस्टाग्राम पर 35 लाख फॉलोअर हैं। उनके परिवार के कई सदस्य भी यूट्यूबर हैं। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या मृदुल का इस हादसे से कोई सीधा संबंध है। हादसे का मुख्य आरोपी दीपक (शेष पृष्ठ-4 पर)

## विवादित जमीन पर खुल रहे हैं शराब के ठेके

### प्राधिकरण व आबकारी विभाग की सांठगांठ से चल रहा है गोरखधंधा



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-5 हरौला गांव के बाहर नोएडा प्राधिकरण तथा किसानों के मध्य अदालत में विचाराधीन व विवादित जमीन पर शराब के ठेके खुल रहे हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि सेक्टर-5 में संदीप पेपर मिल के सामने हरौला में यादव होटल के पास शराब का ठेका खोला जा रहा है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

#### क्या कहते हैं आबकारी अधिकारी

"जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार का कहना है कि प्राधिकरण की अदालती विचाराधीन जगह पर ठेका नहीं खोला जा सकता है। यदि नोएडा प्राधिकरण ने कोई एनओसी नहीं दिया है तो ठेका नहीं खोला जा सकता है। यदि ऐसा कोई मामला है तो नोटिस देकर संबंधित कागजात व एनओसी तलब किए जाएंगे। वहीं आबकारी निरीक्षक गौरव कुमार का कहना है कि अनुज्ञापी से एग्रीमेंट व अन्य दस्तावेज तलब किए जाएंगे। इसके बाद चौहाटी बनाई जाएगी यदि विवादित मामला पाया गया तो अन्यत्र ठेका खोलने का नोटिस जारी किया जाएगा।

#### क्या कहते हैं प्राधिकरण के जेई

"नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-1 के जेई निर्दोष भाटी ने स्वीकार किया कि जहां ठेका खुले हैं तथा खोलने की तैयारी चल रही है। उनके मामले अदालत में विचाराधीन हैं। प्राधिकरण ने कोई एनओसी जारी नहीं की है। यादव होटल के पास अवैध निर्माण की जानकारी मिलने पर उन्होने मौके पर जाकर कार्रवाई की। यदि अभी भी अवैध निर्माण चल रहा हैतो उसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों ही स्थानों पर रात में निर्माण का कार्य किया जा रहा है। ताकि ठेके खोले जा सकें। इसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। कल प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी से भी इसकी मौखिक शिकायत की गई है।

## Toll-Tax, LPG और UPI में 1 अप्रैल से बड़े बदलाव





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 1 अप्रैल 2025 से नए टैक्स ईयर की शुरुआत होने जा रही है. हर महीने की तरह महीने के पहले दिन से देश में कई बड़े बदलाव भी लागू होंगे, जिनका असर हर घर हर जेब पर देखने को मिल सकता है। इन बदलावों में एलपीजी सिलेंडर की कीमतें आपके बैंक खाते डेबिट कार्ड से लेकर क्रेडिट कार्ड पर देखने को मिलेगा। यही नहीं हाइवे पर यात्रा करना भी महंगा हो सकता है, क्योंकि कई रूट पर टोल टैक्समें इजाफा होने वाला है।

हर महीने की पहली तारीख को ऑयल एंड गैस डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन करती हैं और 1 अप्रैल, 2025 को भी इनमें बदलाव देखने को मिल सकता है. बीते कुछ समय में जहां 19 किलोग्राम वाला LPG Cylinder की कीमतों घट-बढ़ देखने को मिली है, तो वहीं लंबे समय से रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें यथावत बनी हुई हैं। ऐसे में नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ लोगों को 14 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतों में राहत भरे बदलाव की उम्मीद है।

एलपीजी सिलेंडर की कीमतों के अलावा सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में भी (शेष पृष्ठ-4 पर)

## त्यौहार पर इतनी बैरिकेटिंग नहीं देखी : अखिलेश यादव



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ऐशबाग ईदगाह में पुलिस द्वारा रोके जाने को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मुझे जानबूझकर आधे घंटे रोका, आज तक इतनी बैरीकेडिंग नहीं की गई। मैं हमेशा यहां आता रहा हूं। लोकतंत्र और संविधान को सबसे बड़ा खतरा बीजेपी से है। देश को संविधान से नहीं, बीजेपी से चलाया जा रहा है। इसके अलावा, उन्होंने अस्पतालों में इलाज और दवाओं की कमी का भी जिक्र किया और IAS अधिकारियों के घोटाले के बाद फरार होने की बात की।

## कांग्रेस नेताओं ने दी ईद-उल-फितर की मुबारक



**नोएडा (चेतना मंच)।** ईद उल फितर के मुबारक मौके पर महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन ने सैक्टर-8 जामा मस्जिद में नमाज अदा कर उन्होंने मुल्क की तरक्की और खुशहाली की दुआ की। उन्होंने नोएडा विधानसभा और सभी देशवासियों को ईद की पुरखुलस मुबारकबाद पेश की। साथियों सहित उन्होंने नोएडा पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को शानदार व्यवस्था के लिए बधाई दी व पुष्प देकर ईद की शुभकामनाएं सहित बधाई दी।

इस मौके पर अमजत हुसैन उर्फ़ कल्लू अंकल, परवेज़, सरवर, मुन्ना आलम, सरवर, मोसिम, ज़ाकिर, जावेद व अन्य लोग मौजूद रहे।

## व्यापारी समाज का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा : नंद गोपाल नंदी



**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने सभी व्यापारियों व खासकर वैश्य समाज की समस्याएं सुनी तथा उनकी समाधान के प्रति पूर्ण आवश्वस्त किया। वे सेक्टर-33 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन पर वैश्य समाज को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग तथा वैश्य समाज का यदि सरकार विभागों द्वारा कोई बेवजह उत्पीड़न किया गया तो वह बर्दाश्त नहीं होगा। इस दौरान व्यापारियों ने उनके समक्ष सेक्टर-18 में पार्किंग की दुव्यर्वस्था तथा उत्पीड़न को लेकर अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वे इस संबंध में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि व्यापारी वर्ग के साथ किसी विभाग द्वारा कोई उत्पीड़न हो तो वे उनसे सीधे संपर्क करें।

इससे पूर्व अग्रवाल मित्र मंडल सेक्टर-33 नोएडा द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी का नोएडा आगमन पर महाराजा अग्रसेन भवन पर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता कोषाध्यक महासचिव मनोज गोयल कोषाध्यक पुनीत गर्ग, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र जैन, संजय कुमार गोयल, संदीप अग्रवाल विकास बंसल सुनील गुप्ता सुरेश गुप्ता मोहन लाल गुप्ता बलराज गोयल अशोक गोयल अनुज गुप्ता विपिन अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल सुरेंद्र गर्ग अनुज मंगल मनोज अग्रवाल दशरथ बंसल राधे श्याम गोयल राजेश जिंदल मूलचंद गुप्ता पंकज अग्रवाल विकास जैन अमीश राजवंशी विजय गुप्ता, मीडिया प्रभारी एवं भाजपा युवा मोर्चा नोएडा महानगर के जिला महामंत्री तुषार गोयल संयम जैन सुमित अग्रवाल निशांत गर्ग बाबूलाल बंसल अभिषेक गुप्ता हर्षित गुप्ता उपस्थित रहे।


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com

RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com

Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)



कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *निःशुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस